# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 02.10.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, तरुणमित्र न्यूज़," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण–दि0 02.10.2024

# ऋषि मांडवी व सारनाथ जोन में देना होगा टैक्स

## नगर निगम ने प्रथम चरण में रामनगर के 261 व्यावसायिक भवनों पर लगाया टैक्स

### नवशहरी क्षेत्र

जागरण संवाददाता, वाराणसी : नगर निगम नवशहरी क्षेत्र के व्यावसायिक (वाणिज्यिक) भवनों से टैक्स वसूलने की तैयारी में जुटा हुआ है। प्रथम चरण में रामनगर से इसकी शुरुआत कर दी गई है। रामनगर में कुल 261 व्यावसायिक भवन चिह्नित किए गए हैं। इनसे निगम को सालाना चार लाख 96 हजार रुपये की आय होगी।

वहीं सारनाथ, वरुणापार जोन व ऋषि मांडवी जोन में शामिल नए वार्डों के व्यावसायिक भवनों से भी एक अप्रैल 2024 की दर से टैक्स वसूलने का निर्णय लिया गया है। इस क्रम में व्यावसायिक भवनों के असेसमेंट के लिए सर्वे इसी माह से कराने की तैयारी चल रही है। आवासीय भवनों से पांच साल के बाद गृहकर वसूलने का निर्णय लिया गया है। ऐसे में आवासीय भवन स्वामियों के लिए राहत है। पहले वाराणसी नगर निगम का कुल क्षेत्र 82 वर्ग किलोमीटर था। वर्ष 2020 में विस्तारीकरण के बाद इसका दायरा बढ़कर 187 वर्ग किलोमीटर हो गया है। सीमा विस्तारित होने के बाद रामनगर, सुजाबाद के अलावा 84 गांव भी निगम में शामिल हो गए हैं। इन क्षेत्रों में करीब चार लाख आबादी है।

नवशहरी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के लिए निगम ने पांच जोन के स्थान पर अब आठ जोन बना दिए हैं। फिलहाल निगम नवशहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई व कूड़ा उठान शुरू करा चुका है। स्ट्रीट लाइट, इंटरलाकिंग का कार्य भी शुरू करा दिया गया है।




- शहरी सीमा में शामिल 84 गांवों के व्यावसायिक भवनों का सर्वे कर असेसमेंट जल्द
- आवासीय भवनों को पांच साल के बाद देना होगा गृहकर, जल्द मिलेंगी शहरी सुविधाएं

### 11 करोड़ से कराए जा रहे कार्य

मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना से नवसृजित वार्डों में करीब 11 करोड़ रुपये की लागत से जलनिकासी, सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें मीरापुर बसही, नटिनियादाई, खुशहाल नगर, सुसवाही, करौदी, सीर गोवर्धनपुर के अशोकपुरम्, फुलवरिया, लोहता, पिसौर, दीनापुर के कमौली मार्ग, कोटवा, दादुपुर, भवानीपुर, संदहा, बलुअ मार्ग, सलारपुर, लेढूपुर, गोलाघाट, रामनगर व सूजाबाद की सीसी रोड बनाने के लिए टेंडर भी हो चुका है। अब डोर-टू-डोर कूड़ा उठान जल्द से जल्द शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

## दैनिक जागरण–दि0 02.10.2024

# नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग करेंगे संचारी रोगों पर नियंत्रण

जागरण संवाददाता, वाराणसी : संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग ने मिलकर कार्य करने का निर्णय लिया है। इस क्रम में 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान साफ-सफाई के अलावा फागिंग व एंटी लार्वा छिड़काव भी किया जाएगा।

महापौर अशोक कुमार तिवारी ने मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय में हरी झंडी दिखाकर एंटीलार्वा व फागिंग के वाहनों को रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान का सबसे मुख्य उद्देश्य मच्छर जनित बीमारियों, संचारी रोगों तथा अन्य बीमारियों की रोकथाम करना है।

संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जनता का जागरूक होना बेहद जरूरी है। अभियान के दौरान स्वच्छता के अलावा सैनिटाइजेशन व फागिंग भी कराई जाएगी।

उन्होंने तालाबों, नालों व नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव करने तथा कूड़े का निस्तारण उचित ढंग कराने पर बल दिया। साथ ही समस्त स्वास्थ्य कर्मियों, सफाई कर्मियों को मच्छरजनित रोगों की रोकथाम और अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शपथ भी दिलाई।



रैली को हरी झंडी दिखाते महापौर अशोक तिवारी।

## दैनिक जागरण—दि0 02.10.2024

### बिल्डरों ने रियल एस्टेट कारोबार में दो हजार करोड़ किया निवेश



वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग को पौधा देकर स्वागत करते लोग • जागरण

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण की ओर से नक्शे की प्रक्रिया सरल होने और जल्द पास करने के चलते रियल एस्टेट कारोबार करने वाले तेजी से निवेश कर रहे हैं। पिछले चार माह में पांच सितारा होटल, ग्रुप हाउसिंग समेत अन्य बड़े 15 से अधिक नक्शे पास हुए हैं। बनारस ही नहीं, पूर्वांचल के लोग भी यहां रियल एस्टेट कारोबार में निवेश कर रहे हैं। बिल्डर अब तक दो हजार करोड़ रुपये कर चुके हैं निवेश।

मंगलवार को पूर्वांचल रियल एस्टेट एसोसिएशन (पूर्वांचल क्रेडाई) के अध्यक्ष आकाशदीप के नेतृत्व में वाराणसी विकास प्राधिकरण पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग का दुपट्टा पहनाकर और एक पौधा देकर स्वागत किया। उपाध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि रियल एस्टेट कारोबार को बढ़ाने में जो संभव होगा मदद करूंगा।

क्रेडाई के अध्यक्ष आकाशदीप ने कहा कि वीडीए से ग्रुप हाउसिंग का नक्शा पास कराना किसी चुनौती से कम नहीं होता था। नक्शा पास कराने में छह माह से एक वर्ष तक लग जाते थे लेकिन आज गिनती के दिन लगने से खुशी होती है। यही कारण है कि 13 बिल्डर ग्रुप हाउसिंग के लिए वीडीए में मानचित्र के लिए आवेदन करने जा रहे हैं। त्रिदेव रेजीडेंसी के प्रशांत केजरीवाल का कहना है कि महावीर मंदिर के पास टकटकपुर में 40 फ्लैट का ग्रुप हाउसिंग 100 घंटे में पास होना नजीर से कम नहीं है।

## दैनिक जागरण—दि0 02.10.2024

### रोपवे व बिजनेस प्लान की प्रगति में देरी पर एसई निलंबित

जागरण संवाददाता, वाराणसी: शहर में चल रहे रोपवे व बिजनेस प्लान के तहत कार्य की प्रगति में देरी को लेकर पावर कारपोरेशन सख्त हो गया है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर नाराजगी व्यक्त की थी। उन्होंने ने संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इसके बाद पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम मिलिटेड, ने नगरीय विद्युत वितरण मंडल प्रथम के अधीक्षण अभियंता वीपी कठेरिया को निलंबित कर दिया। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड वाराणसी प्रथम जोन के मुख्य अभियंता अरविंद कुमार सिंघल ने बताया कि रोप-वे का कार्य कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया तक हो रहा है। यह क्षेत्र मंडल प्रथम में आता है। ऐसे में अधीक्षण अभियंता वीपी कठेरिया को जिम्मेदार मानते हुए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि प्रथम मंडल का प्रभार अभी द्वितीय मंडल के अधीक्षण अभियंता एके वर्मा के पास है।

## दैनिक जागरण–दि0 02.10.2024

### सील किए गए चार भवनों में निर्माण जारी

जागरण संवाददाता, वाराणसी : नगवां वार्ड के पटेल नगर कालोनी में सील भवन में निर्माण जारी रहने पर भवन स्वामी के खिलाफ कार्रवाई की गई। अवर अभियंता आरके सिंह ने बताया कि गंगाधर सिंह का चार मंजिल अवैध निर्माण होने पर सील किया गया था। सील तोड़कर मकान का फिनिशिंग किया जा रहा था। वहीं, शांति देवी का भूतल पर सील किया गया था लेकिन सील तोड़कर छत की ढलाई कर ली। प्रमोद तिवारी और अनिल सिंह सील भवन में निर्माण कर रहे थे, इन दोनों भवनों को सील कर दिया गया है। सभी खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी गई है। क्षेत्रीय कर्मचारियों के कार्य प्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं, क्या वे क्षेत्र में भ्रमण नहीं करते हैं या अवैध निर्माण में संलिप्त थे। उनके खिलाफ कार्रवाई तय हैं।

## दैनिक जागरण–दि0 02.10.2024

### कार्यदायी संस्था पर 50 हजार जुर्माना

#### 10 दिन में सुधार नहीं लाने पर बढ़ाई जाएगी जुर्माने की राशि

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण से चल रहे विकास योजनाओं की गुणवत्ता में कमी मिलने पर वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने कार्यदायी संस्था पर 50 हजार रुपये जुर्माना लगाने के साथ उसे चेतावनी नोटिस जारी करने को कहा है। 10 दिन में गुणवत्ता में सुधार नहीं लाने पर जुर्माना राशि बढ़ाई जाएगी। रामनगर इंडस्ट्रियल स्टेट में सड़क में गुणवत्ता में कमी मिलने पर नाराजगी जताते हुए जल्द सुधार लाने को कहा। अधिशासी अभियंता को स्वयं मानीटरिंग करने का निर्देश दिया।

वीडीए सचिव ने बताया कि गढ़वा घाट मार्ग पर पटेल नगर कालोनी में इंटरलाकिंग के साथ केसी ड्रेनेज का काम कराया जा रहा है। कई स्थानों पर इंटरलाकिंग खराब मिलने के साथ धंसी थी। गुणवत्ता खराब मिलने पर कार्यदायी संस्था पर 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। साथ ही अवर अभियंता से जवाब-तलब किया गया है। रामनगर इंडस्ट्रियल स्टेट में सड़क की गुणवत्ता ठीक नहीं थी। कई स्थानों पर मेनहोल के ढक्कन टूटे थे। उसे एक सप्ताह में सही कराने को कहा गया है। रामनगर किला कंगरिया मार्ग पर गंगा विहार कालोनी डहिया में संपर्क मार्ग बनाया जा रहा है, वहां काम संतोषजनक था। दशाश्वमेध भवन में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और हरियाली पर जोर देने को कहा। मौके पर अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल, सहायक अभियंता शिवाजी मिश्रा, अवर अभियंता संजय गुप्ता आदि मौजूद थे।

**पटेल नगर कालोनी में मिले चार अवैध निर्माण**

वीडीए सचिव ने बताया कि पटेल नगर कालोनी मे इंटरलाकिंग निरीक्षण के दौरान चार बड़े अवैध निर्माण मिले। नगवां वार्ड के अवर अभियंता आरके सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ अवैध निर्माण को बंद कराने के साथ सील करने को कहा गया है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## अमर उजाला–दि0 02.10.2024

### वीडीए सचिव के निरीक्षण में मिलीं कमियां

**वाराणसी।** वीडीए के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्र ने मंगलवार को रामनगर के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। पटेल नगर कॉलोनी में इंटरलाकिंग और केसी ड्रेन कार्य में गड़बड़ी मिलने पर अधिशासी अभियंता को हिदायत दी। उन्होंने सामने घाट गढ़वा घाट मार्ग से पटेल नगर कॉलोनी में इंटरलाकिंग और केसी ड्रेन के निर्माण कार्य, रामनगर किला कंगरिया मार्ग से गंगा विहार कालोनी डहिया में संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य, रामनगर औद्योगिक क्षेत्र के समीप संपर्क मार्गों के सुदृढ़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान–दि0 02.10.2024

### रियल एस्टेट में दो हजार करोड़ का निवेश

**वाराणसी।** पूर्वांचल रियल एस्टेट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग और नगर नियोजक प्रभात कुमार को इसके लिए सम्मानित किया। क्रेडाई पूर्वांचल के अध्यक्ष आकाशदीप ने कहा कि बनारस में दो हजार करोड़ रुपये का निवेश रियल एस्टेट सेक्टर में हो रहा है। इस दौरान सचिव जितेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष प्रशांत केजरीवाल, अमित सिंह, संतोष राणा थे।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 02.10.2024

### पूर्वांचल रियल स्टेट एसोसिएशन ने वीसी वीडीए को धन्यवाद ज्ञापित कर दिया अंगवस्त्रम

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** पूर्वांचल रियल स्टेट एसोसिएशन द्वारा वीडीए के अत्यंत कम प्रक्रियाधीन समय में समूह आवास, तलपट मानचित्र, अन्य व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृत करने पर मंगलवार को पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण को अंगवस्त्र एवं पौधा देकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा विगत कुछ माह में मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को अधिक त्वरित, पारदर्शी एवं विकासकर्ताओं हेतु अधिक सुविधाजनक बनाये जाने हेतु विभागीय प्रक्रियाओं में आवश्यक सुधार किया गया है जिसके तहत आंतरिक अनापत्तियों को त्वरित एवं बाधारहित रूप से जारी करना, अभियन्ताओं एवं वास्तुविदों को मानचित्र में सामान्य रूप से आने वाली आपत्तियों के विषय में नियमित अंतराल पर प्रशिक्षित करना, नियमित रूप से साप्ताहिक मानचित्र कैंप आहूत कर आवेदकों एवं वास्तुविदों की समस्याओं का त्वरित निदान कराना इत्यादि कदम सम्मिलित हैं। मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी, त्वरित, सुगम एवं सरल बनाने हेतु नगर नियोजक की अध्यक्षता में मानचित्र सुविधा सेल (Map Facilitation Cell)' का गठन किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं सरल बनाना, जन-सामान्य को अद्यतन सूचना / मानकों से अवगत कराना, सहायता प्रदान करना एवं समय-सीमा के बारे स्पष्ट जानकारी देकर पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। इसी प्रकार



वीडीए के कार्यों को सरल बनाने के लिए वीडीए वीसी पुलकित गर्ग को धन्यवाद देते पूर्वांचल रियल स्टेट एसोसिएशन के पदाधिकारीगण

वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा वाराणसी विकास क्षेत्र में वर्तमान प्रभावी महायोजनाओं के अंतर्गत आनलाईन भू-प्रयोग वेब-पोर्टल एप्लिकेशन की स्थापना एवं संचालन प्रारम्भ किया है जिसके माध्यम से आम जनमानस घर बैठे किसी भी भूमि की आराजी संख्या एवं ग्राम के नाम को प्रदान करते हुये पोर्टल के माध्यम से उस आराजी का भू प्रयोग की जानकारी प्राप्त कर सकता है।

पूर्वांचल रियल स्टेट एसोसिएशन द्वारा वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को त्वरित किए जाने के उद्देश्य से किये जा रहे प्रयासों के फलस्वरूप प्राधिकरण द्वारा अत्यंत कम प्रक्रियाधीन समय में समूह आवास, तलपट मानचित्र, अन्य व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृत किये जाने पर अपार हर्ष व्यक्त करते हुये उपाध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्वान्चल रियल स्टेट एसोसिएशन के सदस्य आकाशदीप, जीत कुमार सिन्हा, प्रशांत केजरीवाल, संतोष राणा, अमित सिंह उपस्थित रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## तरूणमित्र न्यूज–दि0 02.10.2024

# वीडीए सचिव डा. वेदप्रकाश मिश्रा ने क्रमवार निरीक्षण कर दिए निर्देश

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा ने मंगलवार को रामनगर में संचालित विकास कार्यों का निरीक्षण कर कई दिशानिर्देश दिए जिसमें सामने घाट गढ़वा घाट मार्ग से पटेल नगर कॉलोनी में इण्टरलाकिंग एवं के0 सी0 ड्रेन, रामनगर किला कंगरिया मार्ग से गंगा विहार कालोनी डहिया में सम्पर्क मार्ग, रामनगर औद्योगिक क्षेत्र के मध्य एवं समीप सम्पर्क मार्गों के सुदृढ़ीकरण कार्य तथा दशाश्वमेध प्लाजा का निरीक्षण किया।

सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा ने पटेल नगर कॉलोनी में इण्टरलाकिंग एवं के0 सी0 ड्रेन कार्य में कुछ कमियां पायी गयी जिसे तत्काल मरम्मत कराने एवं जनप्रतिनिधों से लोकार्पण कराए जाने हेतु अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया । उक्त के क्रम सहायक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि गंगा विहार कालोनी डहिया में इण्टरलाकिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सचिव द्वारा यह निर्देशित किया गया कि के0 सी0 ड्रेन के कार्य को एक माह में तथा रामनगर औद्योगिक क्षेत्र में अवशेष कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करा लिया जाये। उक्त के अतिरिक्त दशाश्वमेध प्लाजा पर साफ सफाई कर परिसर को स्वच्छ रखने तथा गमले लगवाने हेतु सम्बन्धित संस्था को निर्देशित किया। इस दौरान मौके पर अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल सहायक अभियंता शिवाजी मिश्रा अवर अभियंता संजय गुप्ता तथा सम्बंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।



वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा निरीक्षण के दौरान मातहतों को निर्देश देते हुए